छत्तीसगढ़ शासन



कार्यालय
संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री छत्तीसगढ़
नवा रायपुर अटल नगर
(इंद्रावती भवन, खण्ड–1, द्वितीय तल)

पिन कोड 492002

निविदा–प्रपत्र

शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव/शासकीय मुद्रणालय नवा रायपुर अटल नगर की रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके का विकय वर्ष 2019–20

प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26–11–2019 समय 3.00 बजे तक)

निविदा खोलने की तिथि 26–11–2019 (समय 4.00 बजे अपरान्ह)

मूल्य रूपये 500/–

कार्यालय
संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, इन्द्रावती भवन,खण्ड–1, द्वितीय तल
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर (492002)

कमांक जी.बी./5विविध/(1)रद्दी कतरन/2019–20/ 1303 दिनांक 23-10-2019

// निविदा–सूचना //

इस विभाग के अन्तर्गत शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव तथा रायपुर में 31–मार्च 2019 तक तक एकत्रित रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों के विक्रय हेतु पृथक–पृथक मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र अघोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 500/– नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में दिनांक 26–10–2019 से दिनांक 26–11–2019 समय 12.00 बजे के पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते है ।

अथवा वेबसाईटत्र **www.cgstate.gov.in** से डाउनलोड भी किया जा सकता है । इस हेतु निविदा शुल्क की राशि रूपये 500/– (रूपये पॉच सौ) कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करना होगा ।

1. निविदा विक्री करने करने की अंतिम तिथि– 26–11–2019. समय 12.00 बजे तक ।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 26–11–2019. समय 3.00 बजे तक ।
3. निविदा खोलने की तिथि– 26–11–2019 समय 4 बजे ।

संचालक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, इन्द्रावती भवन, ब्लाक–1 द्वितीय तल, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर

दिनांक 31–03–2020 तक एकत्रित हुई रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटकों के विकय हेतु निविदा की शर्तेः–

(1) शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव/शासकीय मुद्रणालय नवा रायपुर अटल नगर में उपयोग में लाये गये 90 प्रतिशत सफेद कागज से प्राप्त रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटके कय करने हेतु भाव पृथक–पृथक अंकित किए जावें।

(2) **निविदा कय :–**

इस निविदा सूचना के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र, फर्म के लेटर हेड में आवेदन किये जाने पर ही निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 500/–नगद जमा करने पर प्रदाय की जायेगी । सादे कागज पर आवेदन करने वाले व्यक्ति को निविदा प्रपत्र प्रदाय नहीं किया जायेगा।

निविदा प्रपत्र **www.cgstate.gov.in** से डाउनलोड किया जा कर भी निविदा में भाग लिया जा सकता है । किन्तु इस हेतु शुल्क निविदा प्रस्तुत करते समय रसीद की प्रति लिफाफा "अ" में संलग्न करना अनिवार्य है।

रसीद प्राप्त करने हेतु फर्म के लेटर हेड में आवेदन प्रस्तुत करने के साथ ही निविदा शुल्क राशि रूपये 500/–नगद जमा करने पर ही रसीद दी जायेगी । सादे कागज पर आवेदन करने वाले व्यक्ति को रसीद नहीं दिया जायेगा।

(3) **निविदा निक्षेप की राशिः–**

निविदा के साथ रद्दी कतरन के लिए रूपये 15,000/– (रू. पन्द्रह हजार) मात्र एवं रील कोर के खाली गुटकों के लिए रू. 5,000/– (रू. पांच हजार) मात्र की एफ.डी.आर./डी.डी. टेण्डर के साथ संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की हो, निविदा निक्षेप के रूप में जमा करना होगा, अन्य किसी रूप से निविदा निक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा। जिन निविदाकारों के भाव स्वीकृत होंगे उनकी राशि रोक कर शेष निविदाकारों की उक्त राशि वापिस कर दी जावेगी । निविदा निक्षेप के बिना प्रस्तुत निविदाओं पर किसी स्थिति में विचार नही किया जावेगा । दरें अनुमोदित होने पर अनुमोदन दिनांक से वित्तीय वर्ष 2019–20 (31–03–2020) तक की अवधि में सम्पूर्ण रद्दी/रील कोर उठाना होगा । एक बार अनुमोदित दरें किसी भी कारण से परिवर्तित नही की जावेगी ।

(4) **निविदा हेतु प्रतिभूति राशिः–**

ऐसे सफल निविदाकार जिनके द्वारा रद्दी कतरन हेतु अधिकतम दर प्रस्तुत की गई है, को बतौर प्रतिभूति राशि रू. 50,000/– (पचास हजार रूपये) एवं रील कोर के खाली गुटके हेतु अधिकतम दर प्रस्तुत की गयी है को बतौर प्रतिभूति राशि रू.15,000/–(पन्द्रह हजार रूपये) जो कि एफ.डी.आर./डी.डी. के रूप में संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की हो, जमा करना होगा । यह राशि निविदा निक्षेप की राशि से पृथक होगी ।

(5) **निविदा प्रस्तुत करने का तरीका :–**

(अ) लिफाफा **"अ"** के उपर **निविदा प्रपत्र एवं तकनीकी प्रपत्र'** अंकित करें तथा सील बंद कर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जावें । इसमें निम्न दस्तावेज एवं प्रपत्र रखें जावे ।

(i) दर प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट–2) को छोड़कर शेष निविदा प्रपत्र जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की सील एवं निविदाकर्ता के हस्ताक्षर हों तथा अन्य तकनीकी अभिलेख ।

(ii) निविदा प्रपत्र क्रय की रसीद

(iii) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र एवं

(iv) रिर्टन की गत एक वर्ष की प्रति।

(v) पैन कार्ड की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति ।

(vi) गत वर्ष के आयकर रिर्टन की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति

(vii) शॉप एक्ट के अर्न्तगत फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र ।

(viii) अन्य संबंधित अभिलेख ।

(ब) लिफाफा "ब" में **"रद्दी कतरन हेतु निविदा निक्षेप की राशि"** अंकित करें तथा सील बंद कर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जावें । इसमें निविदा निक्षेप की राशि रूपये 15,000/– एफ.डी.आर./डी.डी. के रूप में रखें।

(स) लिफाफा "स" में **"रील कोर के खाली गुटका हेतु निविदा निक्षेप की राशि"** अंकित करें तथा सील बंद कर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जावे । इसमें निविदा निक्षेप की राशि रूपये 5,000/– एफ.डी.आर./डी.डी. के रूप में रखें।

(द) लिफाफा "द" में **"रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटका हेतु दर"** पृथक–पृथक अंकित करें। इसमें मूल निविदा प्रपत्र के निर्दिष्ट स्थान पर रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटका की दर अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित कर रखे तथा सील बंद कर निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया जावे ।

(इ) लिफाफा "अ", "ब", "स" एवं "द" को एक बड़ा लिफाफा "इ" में रखना होगा। जिसके ऊपर **"शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव/शासकीय मुद्रणालय नवा रायपुर अटल नगर की वित्तीय वर्ष 2019–20 तक की एकत्रित रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटको के विकय हेतु निविदा"** शब्द अंकित हो। बड़ा लिफाफा "इ" भी सील बंद/ मोहर बंद कर प्रस्तुत करना होगा । सील बंद/मुहर बंद लिफाफे पर निविदा प्रस्तुत करने वाले फर्मो/व्यवसायी का पूर्ण नाम एवं सम्पूर्ण पता, टेलीफोन/मोबाईल नम्बर ई–मेल आदि का अंकित होना चाहिए ।

(6) **निविदा खोलने का तरीका :–**

(i) सर्वप्रथम बड़ा लिफाफा 'इ' (शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव/शासकीय मुद्रणालय नवा रायपुर अटल नगर की वित्तीय वर्ष 2018–19 तक की रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटको के विक्रय हेतु निविदा) खोला जाएगा ।

(ii) उसके बाद लिफाफा 'अ' (निविदा प्रपत्र एवं तकनीकी प्रपत्र) खोला जाएगा ।

(iii) तत्पश्चात लिफाफा 'ब' (रद्दी कतरन हेतु निविदा निक्षेप की राशि) व लिफाफा 'स' (रील कोर के खाली गुटका हेतु निविदा निक्षेप की राशि) खोला जाएगा ।

(iv) तकनीकी बीड़ व निविदा निक्षेप के लिफाफे के परीक्षण के बाद उसमें सफल निविदाकारों के लिफाफा 'द' (रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटका हेतु दर) खोला जाएगा ।

(v) रद्दी कतरन के लिए सफल निविदाकारों के परिशिष्ट–2 का तुलनात्मक तथा रील कोर के खाली गुटका के लिए सफल निविदाकारों के परीशिष्ट–2 का तुलनात्मक विवरण तैयार किया जाएगा ।

(vi) अधिकतम दर वाले फर्म की निविदा स्वीकृत की जाएगी ।

(vii) दर स्वीकृत होने पर प्रतिभूति की राशि जमा करने के साथ ही निविदाकार को 100 रूपये के नॉन ज्यूडिसियल स्टैम्प पेपर पर पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के भीतर करारनामा निष्पादित करना होगा, जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा । यदि निविदाकार 15 दिनों के भीतर करारनामा निष्पादित नहीं करता है, तो उसकी जमा निविदा निक्षेप राशि राजसात कर ली जावेगी, साथ ही ऐसे निविदाकार को भविष्य में होने वाले ऐसे संव्यवहारों के लिए काली सूची में डाल दिया जावेगा ।

(7) **निविदा की अन्य शर्तें :–**

(i) निविदा में दर अंकों में तथा शब्दों में स्पष्ट अंकित होना चाहिए, काट–पीट तथा ओवर राइटिंग वाली निविदाओं को विचार में लेने से इंकार किया जा सकेगा ।

(ii) निविदाकार इस निविदा के अन्तर्गत ठेका, उप भाड़े पर नहीं देगा अथवा कार्य या उसका भाग हस्तांतरित नहीं करेगा और न ही अनुबंध के अधीन किसी को भुगतान हेतु अधिकृत करेगा।

(iii) निविदा का प्रेषण इस बात का प्रमाण समझा जावेगा कि निविदा सूचना में निहित समस्त शर्तें और प्रतिबंध मान्य है । व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत काउन्टर टर्म्स मान्य नही होगी ।

(iv) रद्दी कतरन की तौल, ठेकेदार को अपने मजदूर लगाकर अपने ट्रक में भरवाकर ट्रक की तौल समिति के सदस्यों की उपस्थिति में धर्मकांटे पर करवानी होगी । जिस धर्मकांटे पर खाली ट्रक का वजन किया गया हो उसी धर्मकांटे पर भरे ट्रक का वजन किया जावेगा तथा भरे ट्रक के वजन से खाली ट्रक के वजन घटाने पर रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटके का वास्तविक वजन मान्य किया जाएगा । धर्मकांटे व परिवहन/मजदूरी पर व्यय स्वयं निविदाकर्ता को वहन करना होगा ।

(v) GST नियमानुसार होगा।

(vi) अन्य कर आदि शासन नियमानुसार निविदाकर्ता को अलग से संबंधित एजेन्सी/विभाग को देना होगा । विभाग द्वारा इसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

(vii) रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटकों के प्रकरण के संबंध में विवाद उत्पन्न होने पर संचालक मुद्रण तथा लेखन सामग्री का निर्णय अंतिम होगा एवं निविदाकार को मान्य करना होगा ।

(viii) संचालक, शासन के व्यापक वित्तीय हितों एवं कार्य सम्पादन की दृष्टि से निविदा की किसी शर्त को पूर्णतः या अंशतः शिथिल करने के साथ बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखेंगे, जिसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नही होगा । विवाद उत्पन्न होने पर संचालक का निर्णय अंतिम होगा ।

(ix) बुलाई गई निविदा को किसी भी समय सक्षम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है ।

(x) गत वर्ष 2018–19 में रद्दी कतरन हेतु अधिकतम दर 2357/– प्रति क्विंटल तथा रील कोर के गुटका हेतु अधिकतम दर 1100/– प्रति क्विंटल प्राप्त हुआ था, अतः उससे अधिक दर प्राप्त होने पर ही प्रथम अधिकतम दर प्रस्तुतकर्ता फर्म की दर स्वीकृति किया जायेगा । गत वर्ष से कम दर प्राप्त होने पर निविदा निरस्त की जा सकती है ।

(8) शास्ति :–

(i) सफल निविदाकार को मुद्रणालय में एकत्रित रद्दी, कतरन /रील कोर के खाली गुटका प्रत्येक माह में एक या एक से अधिक बार अवश्य उठाना होगा, तथा दिनांक 31–03–2020 तक एकत्रित समस्त रद्दी, कतरन/रील कोर के खाली गुटके उठाकर मुद्रणालय से अदेय अमांग प्रमाण–पत्र लेना होगा। रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके उठाने हेतु निर्धारित तिथि 31–3–2020 तक निविदाकार द्वारा उक्त सामग्री न उठाने की स्थिति में संचालक द्वारा रू. 10,000/– (रू. दस हजार) प्रति सप्ताह एवं अधिकतम आगामी दो सप्ताह तक की शास्ति अधिरोपित की जावेगी ।

(ii) शर्त कमांक ''(8) (i)'' के अनुसार एकत्रित रद्दी, कतरन/रील कोर के खाली गुटके दिनांक 31–03–2019 तक उठा लिए जाने का प्रमाण–पत्र संबंधित कार्यालय से प्राप्त होने पर ही निविदा निक्षेप एवं प्रतिभूति की धनराशि वापिस की जावेगी अन्यथा राजसात कर ली जावेगी ।

संचालक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 2331302

परिशिष्ट–1

//अनुबन्ध//

यह अनुबंध आज दिनांक ..... को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग, नवा रायपुर अटल नगर जिसमें उनका उतराधिकारी शामिल है तथा मेसर्स .....
.....जिसे इसके बाद ठेकेदार के नाम से माना जावेगा के बीच अनुबंध किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन के शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव तथा शासकीय मुद्रणालय नवा रायपुर अटल नगर में 31–3–2020 तक एकत्रित रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटके निम्नांकित भावों (टैक्स अतिरिक्त) एवं शतों पर उठायेगा :–

1– रद्दी कतरन ..... रूपये प्रति क्विंटल ।

2– रील कोर के खाली गुटके ..... रूपये प्रति क्विंटल ।

3– रद्दी पेपर कटिंग/रील कोर के खाली गुटका जैसी है, जहां है, ठेकेदार को तौल करानी होगी, तथा रद्दी पेपर कटिंग छांटने नहीं दी जावेगी, हैसियन क्लाथ या कोई भी पैकिंग सामग्री आदि मुद्रणालय द्वारा ठेकेदार को प्रदाय नहीं की जावेगी।

4– रद्दी कतरन/रील कोर के गुटका कार्यालयीन समय में संबंधित मुद्रणालय के गोदामों की सीमा में जहां भी रखी गयी हो, तुलवाकर उठानी होगी, रद्दी कतरन/रील कोर के गुटका तुलवाने हेतु मजदूर तथा वाहन आदि की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार को करना होगा ।

5– रद्दी कतरन/ रील कोर के गुटके तुलवाने के पूर्व अग्रिम के रूप में उसका पूरा मूल्य उप–संचालक राजनांदगांव / नवा रायपुर अटल नगर के कार्यालय में ठेकेदार को जमा करना होगा तभी रद्दी कतरन तथा रील कोर के गुटके की तौल होगी । रद्दी कतरन/ रील कोर के खाली गुटके, की तौल समिति के सदस्यों के समक्ष ही, धर्मकांटे पर करायी जावेगी ।

6– ठेकेदार द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि रूपये ..... (शब्दो में)..... जो कि संचालक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से जमा कराई गयी हो तथा कागजात संचालक को सौपे गये हो तभी वापिस की जायेगी, जबकि संचालक को यह संतुष्टि हो जायेगी कि ठेकेदार ने अनुबंध का सही रूप से पालन किया है एवं एकत्रित रद्दी कटिंग तथा रील कोर के गुटके संबंधित प्रेस से पूर्ण मात्रा में उठा ली है ।

7– ठेकेदार के द्वारा अनुबंध के अनुसार कार्य न करने पर तथा प्रेस की रद्दी कतरन तथा रील कोर के गुटके यथा समय न उठाने पर अनुबंध निरस्त मान कर उपलब्ध रद्दी कतरन तथा रील कोर के गुटके को अन्य किसी व्यवसाई को बेच दी जावेगी, इसमे शासन को जो भी हानि होगी, वह राशि अनुबंध–कर्ता ठेकेदार से नगद अथवा भू–राजस्व बकाया के रूप में वसूल की जावेगी तथा जमा की गई प्रतिभूति एवं निविदा निक्षेप राशि भी राजसात की जावेगी, साथ ही ऐसे निविदाकार को भविष्य में होने वाले ऐसे संव्यवहारों के लिए काली सूची में डाल दिया जावेगा ।

8– मुद्रणालयों में रद्दी कतरन तथा रील कोर के गुटके उठाये जाने के पूर्व ठेकेदार को संचालक से अधिकार पत्र प्राप्त करना होगा, बगैर अधिकार पत्र के संबंधित उप–संचालक रद्दी कतरन/रील कोर के गुटका देने से इंकार कर सकता है । अधिकार पत्र प्राप्त करने का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा । विपरित दशा में यदि ठेकेदार को कोई हानि होती है तो उसका उत्तरयित्व ठेकेदार को होगा । शासन इसके लिए उत्तरदायी नहीं हागा ।

9– इस अनुबंध के अंतर्गत उभय पक्षों के बीच कोई विवाद उत्पन्न होता है तो सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग, रायपुर का पंच निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

10– सफल निविदाकार को मुद्रणालय में एकत्रित रददी कतरन/रील कोर के खाली गुटकों को प्रत्येक माह में एक या एक से अधिक बार उठाना होगा तथा 31–3–2019 तक एकत्रित समस्त रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके उठाकर संबंधित मुद्रणालय से अदेय प्रमाण–पत्र लेना होगा ।

अपरिहार्य कारण से यदि दिनांक 31–3–2020 तक सम्पूर्ण मात्रा में रद्दी कतरन/रील कोर के खाली गुटके न उठाने की स्थिति में संचालक द्वारा रू. 10,000/– (रू. दस हजार) प्रति सप्ताह एवं अधिकतम आगामी दो सप्ताह तक की शास्ति अधिरोपित करके समय वृद्धि स्वीकृत कर सकेंगे ।

11– दिनांक 31–3–2019 तक एकत्रित समस्त कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके उठा लिये जाने का प्रमाण–पत्र संबंधित कार्यालय से प्राप्त होने पर ही प्रतिभूति एवं निविदा निक्षेप की धन राशि वापिस की जावेगी, अन्यथा राजसात कर ली जावेगी ।

12– रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके हेतु GST 5% अतिरिक्त देना होगा ।

13– प्रकरण में यदि कोई विवाद उत्पन्न है, तो इसके लिए न्यायालय रायपुर क्षेत्र होगा ।

ठेकेदार के गवाह :–

1.....

अनुबंधकर्ता के हस्ताक्षर,
एवं फर्म का सील

2.....

संचालक के गवाह

1.....

2.....

संचालक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 2331302

परिशिष्ट–2

दरें प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र

दिनांक 31–03–2020 तक शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव तथा शासकीय मुद्रणालय नवा रायपुर अटल नगर में एकत्रित रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके निर्धारित शर्तो पर निम्न विवरण तथा उनके समक्ष वर्णित दरों पर लेने हेतु अपना आफर प्रस्तुत करता हूँ :–

स. क.	स्थान का नाम	रद्दी का विवरण	भाव प्रति क्विंटल रूपये में	
			अंकों	अक्षरों
1	2	3	4	5
1	शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव तथा शासकीय मुद्रणालय एमिनिटीज ब्लाक नवा रायपुर अटल नगर	(1) रद्दी कतरन		
		(2) रील कोर के खाली गुटके		

व्यवसायी के हस्ताक्षर एवं सील :–

व्यवसायी का नाम :–

फर्म का नाम एवं पत्राचार का पूर्ण पता :–

दूरभाष /मोबाईल नं. :–

ई–मेल आई.डी. :–